## पाठ–23

# बढ़ना लकड़ी का

**आइए सीखें :** ● सूझबूझ का विकास ● तत्काल निर्णय लेने की क्षमता का विकास, ● विलोम शब्द, ● वाक्यांश के लिए एक शब्द ● युग्म शब्द ।

बादशाह अकबर के राज्य में बड़े–बड़े सेठ व्यापारी रहते थे। उनके पास धन की कोई कमी नहीं थी। एक दिन धनी व्यापारी के घर चोरी हो गई। चोर उसका सारा धन, जेवर आदि चुराकर ले गए। उनके घर में बर्तन और कपड़ों के सिवाय बाकी कुछ नहीं बचा था। व्यापारी रातों–रात कंगाल हो गया था। व्यापारी ने राज्य अधिकारियों को इसकी सूचना दी, लेकिन चोर का कोई पता न चला। इतनी बड़ी चोरी से बादशाह चिंतित हो उठे।



बादशाह ने इस चोरी का पता लगवाने का निर्णय किया। उन्होंने बीरबल से सारा हाल कहकर चोर को माल समेत पकड़ने का आदेश दिया।

बीरबल ने बादशाह की आज्ञा का पालन किया। उसने उस व्यापारी को बुलवाया जिसका माल चोरी हो गया था। इसके पश्चात् उसने पूछा – "तुम्हें किसी पर संदेह है? यदि किसी पर संदेह हो तो स्पष्ट बता दो। घबराओ नहीं तुम्हारी सारी संपत्ति मिल जाएगी।" व्यापारी को बीरबल की बातों से बहुत ढाढ़स बँधा। बादशाह भी उस समय वहाँ मौजूद थे।

**शिक्षण-संकेत :** ■ कहानी का वाचन कराएँ ■ कहानी की विषय वस्तु पर चर्चा कराएँ ■ सूझबूझ पर आधारित अन्य कहानी सुनाएँ ■ कुछ शब्दों अथवा वाक्यों का चयन कर श्रुतलेख कराएँ।



व्यापारी ने कहा ''मेरा यह अनुमान है कि नौकरों ने ही मिलकर यह काम किया होगा, क्योंकि बाहरी व्यक्ति को इतनी जानकारी नहीं हो सकती, किन्तु यह भी सच है कि मैंने किसी को अपनी आँखों से ऐसा करते नहीं देखा, इसलिए मैं किसी भी नौकर का नाम नहीं बता सकता।''

बीरबल ने सिपाही भेजकर व्यापारी के सभी नौकरों को बुलवाया। जब सभी नौकर आ गए तो बीरबल ने समान आकार की लकड़ी की बहुत सी पट्टियाँ मँगवाई। उन पर कोई मंत्र पढ़ने का ढोंग करके एक-एक लकड़ी प्रत्येक नौकर को दे दी और कहा ''आज रात ये लकड़ियाँ तुम लोग अपने पास रखो। कल सुबह मुझे दिखाना। जो कोई चोर होगा या जिसकी मदद से चोरी हुई होगी, उसकी लकड़ी आधा इंच बढ़ जाएगी।''

बीरबल के आदेश से राज्य कर्मचारियों ने व्यापारी के नौकरों को अलग-अलग कमरों में रखा और उनकी देख-रेख के लिए सेवक नियुक्त कर दिए।




उन नौकरों में से जो नौकर वास्तव में चोर था, उसने अपने मन में सोचा कि यह लकड़ी बाद में आधा इंच बढ़ जाएगी क्यों न मैं पहले ही इसे आधा इंच काट दूँ ताकि बढ़ने पर यह पूरी रहे? इस तरह मेरी लकड़ी सबके बराबर रहेगी। इस प्रकार बीरबल मुझे नहीं पकड़ पाएगा। ऐसा सोचकर उसने तुरन्त अपनी लकड़ी को आधा इंच काट कर छोटा कर दिया।

बीरबल ने सबकी लकड़ियों को देखा। एक व्यक्ति की लकड़ी औरों से आधा इंच छोटी देखी तो समझ में आ गया कि यही असली चोर है और इसने चोरी की है। बीरबल ने एकान्त में जाकर उसे छोड़ देने का वायदा करके सारी सच्चाई जान ली।

यही तो बीरबल की चाल थी। क्या कभी लकड़ी रात-भर में अपने आप बढ़ सकती है? दूसरी सुबह बादशाह और बीरबल उस जगह पर गए जहाँ नौकरों को रखा गया था। उनके साथ वह व्यापारी भी था।

व्यापारी चोरी हुआ माल मिल जाने पर बहुत खुश हुआ। बादशाह सब कुछ देख रहे थे। वे बीरबल की बुद्धिमानी से बहुत प्रसन्न हुए।



## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **व्यापारी** – | व्यापार करने वाला | **निर्णय** – | फैसला |
| **सन्देह** – | शक, शंका | **कंगाल** – | गरीब |
| **सम्पत्ति** – | धन, जायजाद | **ढाढ़स** – | धीरज |
| **बादशाह** – | राजा, सम्राट | **एकान्त** – | अकेला, अलग |
| **ढोंग** – | पाखण्ड, आडम्बर, नाटक | | |

## अभ्यास



### बोध प्रश्न

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

(क) व्यापारी रातों–रात कैसे कंगाल हो गया ?

(ख) बादशाह क्यों चिंतित थे ?

(ग) बीरबल ने चोर को पकड़ने के लिए क्या तरकीब सोची?

(घ) नौकर ने क्या सोचकर लकड़ी को छोटा कर दिया?

(ङ) नौकरों को अलग–अलग कमरों में क्यों रखा गया था?

(च) बीरबल ने सच्चाई कैसे जानी ?

**2. सही ( ✓ ), गलत ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) चोर व्यापारी के घर से कपड़े बर्तन चुरा ले गए। ( )

(ख) बादशाह ने व्यापारी को चोर पकड़ने का आदेश दिया। ( )

(ग) बीरबल ने व्यापारी को भेजकर सभी नौकरों को बुलवाया। ( )

(घ) बीरबल ने विभिन्न आकार की लकड़ी की पट्टियाँ दी। ( )

(ङ) एक नौकर ने अपनी लकड़ी को आधा इंच काटकर छोटा कर दिया। ( )



## भाषा अध्ययन

**1. नीचे दिए गए शब्दों का विलोम शब्द छाँटकर गोला लगाइए -**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **धनी** | - | धन्धा | धनवान | निर्धन |
| **बढ़ना** | - | घटना | बुढ़ापा | बढ़ना |
| **एक** | - | भेद | अनेक | नेक |
| **दण्ड** | - | पुरस्कार | सजा | डाँट |
| **असली** | - | बेकार | पुराना | नकली |

**2. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-**

★ व्यापार करने वाला - ----------------

★ आज्ञा पालन करने वाला - ----------------

★ जिसके पास कुछ न हो - ----------------

★ ढोंग करने वाला - ----------------

★ सेवा करने वाला - ----------------

**3. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

1. व्यापारी रातों-रात ------------ हो गया। (कंगाल / धनवान)
2. इतनी ------- चोरी से बादशाह चिंतित हो उठे। (बड़ी / छोटी)
3. बीरबल ने व्यापारी से पूछा तुम्हें किस पर ------------ है। (विश्वास / संदेह)
4. बीरबल ने कहा आज रात को ये लकड़ियाँ आधा इंच ------------ हो जाएँगी। (बड़ी / छोटी)
5. दूसरी ------------ बादशाह वहाँ गए जहाँ नौकरों को रखा गया था। (सुबह / शाम)

4. पाठ में बड़े-बड़े, अपने-अपने शब्द आए हैं। इसी प्रकार के अन्य शब्दों को खोजकर लिखिए-

---------------- ---------------- -----

---------------- ---------------- -----

5. नीचे लिखे शब्दों का उच्चारण कीजिए और उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

व्यापार ............................................................................

कंगाल ............................................................................

निर्णय ............................................................................

पश्चात् ............................................................................

संदेह ............................................................................

6. पाठ में ड/ड़/ढ /ढ़ वाले शब्द छाँटकर लिखिए एवं उनका उच्चारण कीजिए -

.................. .................. .................. ..................

.................. .................. .................. ..................

.................. .................. .................. ..................



## योग्यता विस्तार

- शिक्षक की सहायता से बीरबल की चतुराई से सम्बन्धित अन्य कहानी खोजकर कक्षा में सुनाइए।
- यदि तुम्हारी कोई चीज चोरी हो जाए तो तुम उसका पता कैसे लगाओगे।